Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:43 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:37 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 269 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 23 अप्रैल 2026



तमन्ना से ब्रेकअप के बाद मिस्ट्री...पेज-3 पर

# बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुले, हजारों श्रद्धालु बने पावन क्षण के साक्षी

**चमोली**
हमारे संवाददाता

आज भू-बैकुंठ बदरीनाथ मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इससे पहले गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट पहले ही खुल चुके हैं।
बदरीनाथ मंदिर के कपाट आज सुबह सवा छह बजे बैसाख मास शुक्ल पक्ष पुनर्वसु नक्षत्र व सर्वार्थ सिद्ध योग में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी कपाट खुलने के पावन पल के साक्षी बने। इससे पहले बुधवार को ही उद्धव, तेल कलश और आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी बदरीनाथ धाम पहुंच गई थी, जबकि कुबेर की डोली रात्रि प्रवास के लिए बामणी गांव पहुंची। मंदिर परिसर से लेकर आसपास के प्राचीन मठ-मंदिरों तक को 25 कुंतल ऑर्किड और गेंदे के फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र जगमगा उठा है। बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में रौनक लौट आई है।




**आस्था**
- पूर्वाह्न ग्यारह बजे से गर्भगृह में भगवान बदरीनाथ की पूजाएं

बदरीनाथ में अब तक करीब साढ़े पांच सौ वाहन पहुंच चुके हैं। अखंड ज्योति के दर्शन के लिए दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं के धाम में होने का अनुमान है। बदरीनाथ धाम में श्रद्धालु आध्यात्मिक अनुभूति के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ भी उठाते हैं।

## News कॉर्नर

### केदारनाथ में पहले ही दिन 38 हजार श्रद्धालु पहुंचे

देहरादून। केदारनाथ मंदिर के कपाट बुधवार सुबह आठ बजे विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। ऊं नमः शिवाय और जय बाबा केदार के जयघोषों, सेना के सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट के बैंड की मधुर धुनों के साथ कपाट उद्घाटन हुआ। पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से हुई। करीब 10 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के साक्षी बने। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। उन्होंने देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की गई। प्रशासन के मुताबित, यात्रा के पहले दिन ही तीर्थयात्रियों की इतनी भीड़ उमड़ी कि शाम तक 38 हजार तीर्थयात्री पहुंचे। वहीं, श्रद्धालुओं के अनुसार, दर्शन के लिए उन्हें 10 से 12 घंटे तक लाइन में लगना पड़ा। केदारनाथ मंदिर के कपाट सुबह 7:50 बजे खुलने के बाद भी तीर्थयात्रियों को मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने में घंटों लग गए।

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन का आज ऋषिकेश दौरा

**ऋषिकेश।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के प्रस्तावित दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। पुलिस महकमे ने पूरी तरह से अलर्ट जारी कर दिया है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रस्तावित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन दौरे को लेकर एम्स ऋषिकेश में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट से लेकर एम्स परिसर तक पूरे क्षेत्र को तीन विशेष सुरक्षा जोन में विभाजित किया गया है। पहला जोन जौलीग्रांट एयरपोर्ट, दूसरा जोन एम्स हेलीपैड और तीसरा जोन मुख्य कार्यक्रम स्थल को बनाया गया है। तीनों जोन की सुरक्षा की जिम्मेदारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) स्तर के अधिकारियों को सौंपी गई है। सीओ नीरज सेमवाल ने बताया कि दौरे के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

**ईवीएम खराबी को लेकर कांग्रेस की नाराजगी**

# दोपहर तक बंगाल में 62.18% तो तमिलनाडु में हुए 56.81% मतदान

**नई दिल्ली**
एजेंसी

लोकतंत्र के महापर्व में आज पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में वोट डाले जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान हो रहे हैं। सभी पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में वोट डाले जा रहे हैं। दोनों राज्यों में प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच कड़ी टक्कर है। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।

दोपहर 01:00 बजे तक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु दोनों ही राज्यों में वोटिंग की रफ्तार काफी ते है। पश्चिम बंगाल (चरण-1) में मतदान की गति सबसे अधिक देखी जा रही है। दोपहर 1 बजे तक बंगाल में 62.18ब मतदान दर्ज किया जा चुका है। भारी सुरक्षा के बीच लोग बड़ी संख्या में अपने घरों से निकलकर पोलिंग बूथों पर पहुंच रहे हैं। वहीं तमिलनाडु में भी चुनावी माहौल काफी गर्म है। यहां दोपहर 1 बजे तक 56.81ब वोटिंग दर्ज की गई है। पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान मुर्शिदाबाद में बेरहामपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अधीर रंजन चौधरी ने एक मतदान केंद्र पर ईवीएम खराबी को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने फोन पर चुनाव अधिकारी से बात करते हुए कहा कि बूथ नंबर 141 पर ईवीएम बार-बार खराब हो रही है, जिससे धूप में खड़े मतदाताओं को बिना वोट डाले वापस जाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक मशीन चार बार बदली जा चुकी है, लेकिन नई ईवीएम भी ठीक से काम नहीं कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से तुरंत हस्तक्षेप कर समस्या को हल करने की मांग की। पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण के दौरान मुर्शिदाबाद के गोराबाजार इलाके में स्थित खोवार स्कूल के बूथ नंबर 141 पर मतदाताओं ने ईवीएम में खराबी की शिकायत की है। बताया जा रहा है कि मतदान के बीच मशीन सही तरीके से काम नहीं कर रही थी, जिससे वोटिंग प्रक्रिया प्रभावित हुई। शिकायत के बाद अधिकारियों ने मामले को ठीक करने की कोशिश शुरू कर दी है।

पश्चिम बंगाल के कुमारगंज में भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु सरकार ने चुनाव के दौरान गड़बड़ी और हमले के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उनके पोलिंग एजेंट्स को 8-10 बूथों से जबरन बाहर निकाल दिया गया था, लेकिन उन्होंने खुद हस्तक्षेप कर उन्हें वापस अंदर जाने दिलाया।



# मिर्जापुर में भीषण सड़क हादसा, ट्रक से टकराई दो कार, 11 लोग जिंदा जले

**यूपी/मिर्जापुर**
एजेंसी

मिर्जापुर में ट्रेलर से टकराने के बाद बोलेरो में आग लग गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। दरअसल, ब्रेक फेल होने पर ट्रेलर ने स्विफ्ट कार में टक्कर मार दी, इसके बाद ट्रेलर ट्रक से भिड़ गया। इसी बीच पीछे से आई बोलेरो ट्रेलर से टकरा गई। बोलेरो सवार मुंडन करा कर मैहर से आ रहे थे। हादसे में नौ लोग तो जिंदा जल गए।

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में दर्दनाक हादसा हुआ। रीवा-मिर्जापुर हाईवे स्थित ड्रमंडगंज घाटी में बुधवार देर रात एक कार के ट्रेलर से टकराने के बाद 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें बोलेरो सवार नौ लोग जिंदा जल गए। इसी तरह स्विफ्ट कार पर सवार जय प्रकाश (26) की मौत हुई है। जयप्रकाश सोनभद्र के परसिया दुबे रॉबर्ट्सगंज के रहने वाले थे। ट्रक के एक खलासी की मौत इलाज के दौरान अस्पताल हुई है। मिर्जापुर के डीएम पवन कुमार गंगवार ने हादसे में 11 लोगों के मरने की पुष्टि की है।

पुलिस के मुताबिक, जिगना थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी अरुण सिंह का परिवार नौ साल के बेटे शिव का मुंडन कराने बोलेरो से मैहर गया था। परिवार मैहर से मिर्जापुर लौट रहा था। बोलेरो में पंकज सिंह, बीना, वंदना,



पीयूष, प्रियंका, कार्तिकय, सोनम सवार थे। विष्णु बोलेरो चला रहा था। मध्य प्रदेश की तरफ से गिट्टी लादकर आ रहे ट्रेलर का ब्रेक बुधवार की रात अचानक फेल हो गया। इससे अनियंत्रित ट्रेलर ने वाराणसी नंबर की स्विफ्ट कार में टक्कर मारी और उसे रौंदते हुए एक ट्रक से जा भिड़ा। इस बीच रीवा की तरफ से आई बोलेरो पीछे से ट्रेलर से टकरा गई। इससे जोरदार धमाका हुआ और बोलेरो में आग लग गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो पिचक गई और उसमें सवार लोग फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैली की बोलेरो सवार नौ लोग जिंदा जल गए। स्थानीय लोगों ने ड्रमंडगंज पुलिस को सूचना दी। डीएम और एसपी के साथ सीओ लालगंज अमर बहादुर भी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुट गई। घंटों की मशक्कत के बाद बोलेरो की आग पर काबू पाया गया।

# हादसा: 250 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, तीन लोगों की मौत

**रुद्रप्रयाग**
हमारे संवाददाता

रुद्रप्रयाग जिले के भीरी-ककोला मोटर मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भीरी से औरिंग की ओर जा रहा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 250 मीटर नीचे गहरी खाई में गिर गया। सूचना मिलते ही कोतवाली ऊखीमठ पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

प्रभारी निरीक्षक मनोज नेगी और एसडीआरएफ पोस्ट अगस्तमुनि से उपनिरीक्षक धर्मेंद्र पंवार के नेतृत्व में जवानों ने रात के अंधेरे में खाई में उतरकर संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। कड़ी



मशक्कत के बाद दो शवों को बाहर निकाल लिया है, जबकि तीसरे शव को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे में मृतकों की पहचान नवीन सिंह (30 वर्ष), अंशुल (28 वर्ष) और अमित सिंह (35 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी रुद्रप्रयाग जिले के निवासी हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस सहित विपक्ष बेनकाब:कैड़ा

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

कैबिनेट मंत्री राम सिंह केड़ा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के खिलाफ विपक्ष की वोटिंग को देश की आधी आबादी के खिलाफ अन्याय बताया है। उन्होंने आक्रोश व्यक करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास और मंशा हमेशा महिला विरोधी रही है। जो उन्होंने इंडी गठबंधन के साथ मिलकर संसद में किया, उसका जवाब देश जनता वोट के अधिकार से देगी। महिला अधिकारों की लड़ाई में बाधा को जीत बताना, विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिस तर मातृ शक्ति के सामर्थ्य से यह दशक उत्तराखंड का बन रहा है, ठीक ऐसे ही महिला अधिकार के इस विकल्परहित संकल्प को भाजपा अवश्य साकार करके रहेगी। रामपुर रोड स्थित निजी होटल मे आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए केड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुसार, संसद में यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः के भारतीय दर्शन को आत्मसात करते हुए, संसद- विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शकि वंदन अधिनियम को मंजूरी प्रदान करने लिए तीन बिल प्रस्तुत किए गए थे। लेकिन कांग्रेस और पूरा विपक्ष माताओं बहनों के हक को देने में सबसे बड़ी बाधा बने। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र पर चलते हुए, आधी आबादी को उनका पूरा हक प्रदान करने का प्रयास किया ताकि मातृशक्ति विकसित भारत के निर्माण में अपनी पूरी क्षमता से योगदान दे सके। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह विधेयक के सदन में गिरने पर कांग्रेस समेत विपक्ष द्वारा जश्न मनाया गया वह बेहद शर्मनाक था। नारी अधिकारो की लड़ाई में बाधा उत्पन कर, उसे जीत दर्शाने से विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता उजागर हुई है।



इस मौके पर कहा कि 16 और 17 अप्रैल को संसद में हुई चर्चा केवल कुछ विधेयकों तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह देश की आधी आबादी को नीति-निर्माण में समान भागीदारी देने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। यह अवसर हमारी माताओं, बहनों और बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हो सकता था। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके ने इस ऐतिहासिक अवसर का भी विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने सकारात्मक भूमिका निभाने के बजाय राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता दी।

# पर्यटन सीजन हेतु सभी व्यवस्थाएं अप टू डेट कर लें अधिकारीः डीएम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कार्यालय सभागार नैनीताल में आगामी पर्यटन सीजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पर्यटन सीजन के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नैनीताल को निर्देश दिए कि पूरे देश में सभी टोल प्लाजा में फ स्टैग से भुगतान किया जा रहा है। नैनीताल शहर विश्व प्रसिद्ध शहर है वर्तमान में यहाँ की व्यवस्था अभी भी मैनुअल है। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल फ स्टैग व्यवस्था सुचारु करने के निर्देश ईओ नगर पालिका नैनीताल को दिए।कहा कि यात्रा सीजन में आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं की संखया अत्यधिक बढ़ जाती है इस हेतु सभी व्यस्थाएँ चाक चौबंद रहे, उन्होंने नैनीताल नगर एवं अन्य क्षेत्र में संचालित सभी टैकसी वाहनों के चालकों, नाव संचालकों, घोड़ा संचालकों तथा होटल व्यवसाय में कार्यरत सभी कर्मियों का पुलिस सत्यापन शीघ्र कराया जाए।



जिलाधिकारी ने कहा कि एक भी अवांछित व्यक्ति का प्रवेश न हो इस हेतु आने वाले लोगों पर पैनी नजर बनी रहे पुलिस विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए। बिना सत्यापन के कोई भी व्यक्ति पर्यटन कार्य में संलग्न न रहे। उन्होंने कहा कि नैनीताल नगर के प्रमुख स्थानों सहित अन्य पर्यटन स्थलों में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त रखी जाए।

जिलाधिकारी ने यातायात व परिवहन व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए कि भीमताल, भवाली व श्री कैंचीधाम क्षेत्र में ट्रैफि क व्यवस्था सुचारु रखी जाए। प्रत्येक टैकसी वाहन में निर्धारित किराया सूची चस्पा की जाए तथा प्रमुख स्थानों पर भी किराया सूची डिस्प्ले की जाए। स्थानीय लोगों को भी किसी भी प्रकार की यातायात की समस्या न हो यह सुनिश्चित कर लिया जाय। शटल सेवा के किराए की दर निर्धारित कर जगह जगह उसे डिस्प्ले किया जाए। सभी टैकसी वाहनों में डस्टबिन रखना अनिवार्य होगा। पर्यावरण एवं झील का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी नेकहा कि कोई भी वाहन सड? पर खड़ा नहीं रहेगा। नियम का उल्लंघन करने पर तत्काल चालानी कार्रवाई की जाएगी। बाहरी वाहनों का प्रवेश सीमित रखा जाए इसके लिए प्रभावी प्लान बनाया जाए। जिलाधिकारी ने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु परिवहन पुलिस की क्यूआरटी तैनात रहेगी जो लगातार प्रवर्तन की कार्रवाई करेगी। शटल सेवा व पार्किंग व्यवस्था के संबंध में चर्चा के दौरान शटल सेवा स्थलों व सभी पार्किंग स्थलों में पेयजल, विद्युत, शौचालय व प्रकाश सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत के अधिकारियों को रुसी बाईपास स्थित दोनों पार्किंग में सभी व्यवस्थाओं के साथ ही दोनों पार्किक स्थलों में पर्याप्त कर्मचारी तैनात करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पार्किंग स्थलों में पर्याप्त संख्या में शौचालय स्थापित करने के साथ ही उनमें पानी की समुचित व्यवस्थाए एवं पेयजल की व्यवस्था के भी निर्देश जिला पंचायत व जल संस्थान के अधिकारियों को दिए। इस संबंध में उपजिलाधिकारी नैनीताल को जिला पंचायत, जल संस्थान एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्था यथासमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी नैनीताल व पर्यटन अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी होटल एवं होमस्टे का संयुक्त निरीक्षण कर उनमें पार्किंग एवं कक्षों की क्षमता का आंकलन करेंगे ताकि उसी क्षमता में पर्यटक आएं और अनावश्यक भीड़ व ट्रैफिक की समस्या न बने। उन्होंने अवैध रूप से संचालित होमस्टे' के खिलाफ तत्काल उचित कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि नैनीताल में जितने भी टूरिस्ट गाइड व घोड़े संचालक पंजीकृत हैं उन्हीं को अनुमति रहेगी अवैध व बिना पंजीकृत पाए जाने पर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। यह भी निर्णय लिया कि सभी गाइड निर्धारित ड्रेस कोड' में रहेंगे।नैनीताल, भीमताल व कैंची धाम क्षेत्र में क्यूआरटी टीम के माध्यम से निरंतर पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था चाक.चौबंद रखे जानेए के साथ ही सुरक्षा हेतु चीता बाईक व पीए सिस्टम भी जगह जगह तैनात रखने पर निर्णय लिया गया।बैठक में मुखय विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, पुलिस अधीक्षक क्राइम जगदीश चंद्र, पुलिस अधीक्षक संचार रेवाधर मठपाल, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुकल, उपजिलाधिकारी नवाजिश खालिक, संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द पाण्डे, जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## अधिकारी फील्ड में जाकर कार्यों का भौतिक सत्यापन अवश्य करें:सीडीओ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में बुधवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा)जी.राम.जी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामोत्थान सहित ग्रामय विकास की विभिन्न योजनाओं की विकास भवन सभागार भीमताल में समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं में प्रगति के निर्देश दिए।

बैठक में सीडीओ पांडे ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण कर आखया प्रस्तुत करने तथा योजनाओं के सत्यापन के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र मुहैया कराने के निर्देश दिए तथा समस्त खंड विकास अधिकारियों को अभिनव प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया।

उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में जाकर कार्यों का भौतिक सत्यापन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले यह सुनिश्चित रहे। कहा कि वित्तीय वर्ष की शुरुआत है सभी अधिकारी अभी से लक्ष्य की पूर्ति हो तस्तपरता से कार्य करें।बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी तथा सहायक परियोजना निदेशक चंद्रा फ र्त्यालए के साथ ही सभी खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## सीडीओ को अनुपस्थित मिले निरीक्षण के दौरान बीईओ व वरिष्ठ सहायक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे ने बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मेहरागांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ सहायक एवं बीईओ के कार्यालय से बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गये साथ ही उपस्थित पंजिका में हस्ताक्षर भी नहीं होने पर सीडीओ ने खासी नाराजगी व्यक्त की और दोनों के वेतन रोकने के साथ ही विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश उच्चाधिकारियों को दिये। उन्होंने अनुपस्थित बीईओ केसी चौहान ग्रोवर के खिलाफ विभागीय कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये। सीडीओ द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण 11.300 बजे समाप्त होने पर भी बीईओ कार्यालय में उपस्थित नहीं हो पाये थे। इसके पश्चात सीडीओ द्वारा राजकीय माध्यमिक, प्राथमिक तथा उच्चतर विद्यालय का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कुल 116 बच्चों में से 88 बच्चे उपस्थित पाये गये साथ ही विद्यालय का स्टाफ शतप्रतिशत उपस्थित पाये जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इस दौरान सीडीओ ने बच्चों से रूबरू हुये और बच्चों की परेशानियों से भी अवगत हुये। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को निर्देश दिये कि प्रयोगशाला में अधिक से अधिक बच्चों को प्रैटिकल करायें साथ ही पुस्तकालय का नियमित उपयोग से बच्चों में दक्षता विकसित होती है। इस अवसर पर जूनियर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर विद्यालय के छात्र संजू से सीडीओ ने मुलाकात के दौरान उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि भविष्य में कठोर परिश्रम कर प्रदेश व देश का नाम रोशन करें।



## NEWS / फटाफट

### जिले के जीआईसी मंगोली की हेमा बनी विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष



**नैनीताल ।** जिले के भीमताल विकास खंड के तहत राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस दौरान हेमा बुदलाकोटी को सर्वसममति से समिति का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही जसवंत सिंह अधिकारी को उपाध्यक्ष और प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी को सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नलनी के प्रधान गोविंद सिंह अधिकारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकेश मेहरा, इंद्र सिंह कोरंगा, चंदन सिंह, के. एन. कर्नाटक, प्रेम सिंह मेहरा, विनोद जीना, अर्जुन सिंह तथा भोपाल मेहता, प्रकाश चंद्र, दीप्ति, सीमा जोशी, विनीता लोहनी, रूपा, नवनीत बिष्ट तथा मनोज कुमार, संजय कुमार, गणेश प्रसाद तथा विजयपाल उपस्थित थे सभी अभिभावकों ने विद्यालय विकास के लिए योगदान देने का समर्थन किया।

### जिला अस्पताल में बढ़ते चोरी के मामलों से दहशत

**नैनीताल ।** नगर के एकमात्र राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं जिससे अस्पताल में असुरक्षा पर भी सवाल उठ रहे हैं।

बता दें कि बीते दिनों अस्पताल के बाथरूम से दो बार टौंटी चोरी होने का मामला व एक बार बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। हाल ही में दो बार संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर अस्पताल स्टाफ की ओर से पुलिस के हवाले किया जा चुका है लेकिन इसके बावजूद घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टमटा ने बताया कि इस संबंध में पुलिस को कई बार शिकायत दी जा चुकी है और अस्पताल परिसर व आस पास के क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की गई है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्नी बाबू राजपूत

## सीडीओ ने भीमताल में रीप परियोजना में अनियमितता पकड़ी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार भीमताल में रीप परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीडीओ ने रीप परियोजना अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा के दौरान रीप परियोजना के एक कार्मिक के वेतन से लगभग एक लाख की वसूली करने के निर्देश दिए।

सीडीओ पांडे ने सहायक परियोजना निदेशक को निर्देश दिये है कि निरीक्षण आखया का संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में पाया कि विकास खण्ड भीमताल के कमल सीएलएफ कार्यालय के लिए किराए पर लिए गए भवन में कार्यालय संचालन के बजाय आउटलेट/दुकान का संचालन किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री महिलाओं के स्थान पर रीप सीएलएफ स्टाफ द्वारा की जा रही है। बिना विधिवत कार्यालय स्थापित किए ही किराया एवं स्टाफ वेतन से संबंधित व्यय अनियमित रूप से दर्शाए जा रहे हैं। संबंधित स्थान पर कार्यालय किराए की संस्तुति की जा रही है।इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि कार्यालय हेतु लिए गए किराए की राशि की वसूली संबंधित रीप कार्मिक के वेतन से की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लगाने हेतु सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में संचालित सीएलएफ कार्यालयों का सत्यापन कर एक सप्ताह के भीतर फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। खंड विकास अधिकारी योजनाओं का समय समय पर भौतिक सत्यापन करने के उपरांत ही किसी भी भुगतान की संस्तुति करें। कहा कि सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में एपीडी चंद्रा फर्त्याल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ऑल सेंट्स कॉलेज में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

स्पिक मैके (सोसायटी फ ॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियनन कलासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ) द्वारा नैनीताल के प्रतिष्ठित विद्यालय ऑल सेंट्स कॉलेज में भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं संस्कृति पर आधारित भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को निकट से जानने का अवसर प्राप्त किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजिना रिचर्ड्स देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी खयाति प्राप्त प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यांगना श्रीमती प्रतीक्षा काशी तथा गुरु व्यंजन्ति काशीए बी एन कुमार, पृथ्वी कृष्णा, कुमार बाबू व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर किया गया। इसके बाद श्रीमती प्रतीक्षा काशी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद रामायण के सीता हरण प्रसंग का भावपूर्ण मंचन प्रस्तुत किया गयाए जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कलाकारों ने तांडव नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।कार्यक्रम के अंतिम चरण में कुचिपुड़ी नृत्य के माध्यम से जीवन के पांच तत्वों का सुंदर चित्रण किया गया। आंध्र प्रदेश की प्रसिद्ध कुचिपुड़ी शैली की विशेष प्रस्तुति ष्तरंगमष् में कलाकार ने पीतल की थाली के किनारे पर नृत्य कर सभी को आश्चर्यचकित और भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी कलाकारों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया।इस अवसर पर स्पिक मैके के कुमाऊं क्षेत्र के कॉर्डिनेटर सार्थक अरोड़ा, सेंट मेरी कॉन्वेंट कॉलेज की प्रधानाचार्या रेवण् सिस्टर टॉमसी, वृंदावन स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती राखी साह, ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। संचालन वान्या वारसी और जोविता अरोड़ा द्वारा किया गया।

# अभिमत

## पाक की बुरी नजर !

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार करते हुए चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान ने बंगाल पर बुरी नजर डाली तो भगवान ही जाने कि उसके कितने टुकड़े हो जायेंगे। ख्वाजा को ऐसे भड़काऊ बयान नहीं देने चाहिएं, क्योंकि 55 साल पहले जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंटा था, तब उसे बुरे नतीजे भुगतने पड़े थे। विदित हो कि वर्ष 1971 में भारत ने अलग राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण किया था। उससे पहले बांग्लादेश पूर्वी पाकिस्तान कहलाता था।*

भारत की नीति किसी पर हमला करने की नहीं है। देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए किसी भी चुनौती को हमेशा तैयार रहता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने धमकी दी थी कि अगर भारत ने भविष्य में कोई कड़ा कदम उठाया तो पाकिस्तान कोलकाता पर हमला करके जवाब देगा। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार करते हुए चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान ने बंगाल पर बुरी नजर डाली तो भगवान ही जाने कि उसके कितने टुकड़े हो जायेंगे। ख्वाजा को ऐसे भड़काऊ बयान नहीं देने चाहिएं, क्योंकि 55 साल पहले जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंटा था, तब उसे बुरे नतीजे भुगतने पड़े थे। विदित हो कि वर्ष 1971 में भारत ने अलग राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण किया था। उससे पहले बांग्लादेश पूर्वी पाकिस्तान कहलाता था। ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता मिलने पर भारत का धर्म के आधार पर विभाजन करके अलग मुल्क पाकिस्तान का निर्माण हुआ था। भारत ने पाकिस्तान के साथ पड़ोसी जैसा व्यवहार किया और हरसंभव मदद की, लेकिन पाकिस्तान दुश्मनी से बाज नहीं आ रहा है। आतंकवाद के जरिये छद्म युद्ध जारी रखे हुए है। पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान से भेजे गये आतंकियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी। अनेक भारतीय महिलाओं की मांग सूनी कर दी, तो पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने मात्र 48 घंटे में घुटने टिकवा दिये थे, इसके बाद भी वह जहरीले बयानों और धमकी से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान वर्ष 1965 और 1971 के युद्ध में बुरी तरह पराजित हुआ। कारगिल की लड़ाई में भी उसे मुंह की खानी पड़ी। पाकिस्तान आतंकवादियों को प्रशिक्षण देकर भारत में खूनखराबा कराता रहता है। आतंकवादी अब पाकिस्तान के लिए आस्तीन के सांप बन गये हैं। पाकिस्तान के बलूचिस्तान और पाक के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विद्रोह भड़क रहा है। बलूचिस्तान के लोग पाकिस्तान की सेना के जुल्म से निजात के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। उधर पाकिस्तान बलूचिस्तान के प्रदर्शनकारियों को आतंकी बता रहा है। यदि भारत चाहे तो 24 घंटे में पीओके को कश्मीर में मिला लेगा और बलूचिस्तान को अलग देश बना सकता है। इसके साथ ही पाकिस्तान के अन्य प्रांत भी अलग हो जायेंगे। पाकिस्तान में ज्यादातर सेना के तानाशाहों का शासन रहा है। चुनाव होने पर जनता द्वारा चुनी गई सरकार सेना के इशारे पर काम करती है और जनहित में निर्णय नहीं ले पाती है।

# फिर एक महिला जंगली वन्यजीव का शिकार

### वन विभाग ने हमलावर के बाघ होने की संभावना जताई, सुबह पशुओं का चारा लेने गई थी जंगल

नैनीताल
हमारे संवाददाता



नैनीताल वन प्रभाग में वन्य जीवों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीते चार माह में प्रभाग में वन्य जीवों के हमले से पांच महिलाओं की मौत के बाद बुधवार को अब एक और मामला सामने आया है।

बता दें नैनीताल के समीप ज्योली क्षेत्र में वन्य जीव ने एक महिला को निवाला बना दिया जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है और ग्रामीणों में डर का माहौल है वहीं ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर वन विभाग की टीम का घेराव कर लिया है। ग्राम प्रधान शेखर चन्द्र भट्ट के अनुसार बुधवार को 47 वर्षीय हेमा पांडे रोज की तरह अन्य महिलाओं के साथ जंगल घास लेने गई थी, जंगल से घर लौट रही महिलाओं ने वापस लौटते समय महिला का आधा शव जंगल में पड़ा देखा। जिसके बाद घबराई महिलाओं ने ग्रामीणों को सूचित किया । सूचना के बाद ग्रामीण वन विभाग को सूचना देते हुए जंगल पहुंचे तो महिला का आधा शव जंगली जानवर खा चुका था। इधर सूचना के बाद मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची तो लोगों ने शव नहीं हटाने दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को घेर लिए। जिसके बाद से अब तक विभाग के डीएफओ आकाश गंगवार व एसडीओ ममता चंद समेत टीम ग्रामीणों को सांत्वना दी और कार्रवाई की बात भी की।

ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। क्षेत्र के चोपड़ा व अन्य क्षेत्रों में पहले भी इस तरह के कई हमले हो चुके हैं जिससे ग्रामीणों में लंबे समय से भय बना हुआ है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पाने से लोगों में आक्रोश भी पनप रहा है। इस दर्दनाक घटना के बाद ज्योलीकोट और आसपास के गांवों में सन्नाटा पसरा है। जंगल अब लोगों के लिए जीवनयापन का साधन नहीं बल्कि मौत का खतरा बनते जा रहे हैं।

भीमताल के बलाक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट भी बुधवार को अपने नियमित जनसंवाद कार्यक्रम को छोड़कर घटना स्थल को रवाना हुए,वहां पहुंचते ही उन्होंने डीएफओ समेत संबंधित अफसरों को मामले की जानकारी दी। प्रमुख डा.बिष्ट ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है पूर्व में भी 9-10 घटनाएं हो चुकी हैं। कहा कि भीमताल बलाक में इन घटनाओं का होना चिंतनीय है। उन्होंने वन महकमे के अफसरों से इसके लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

## पालिका ने रखे सफाई हेतु आउटसोर्स में 80 पर्यावरण मित्र

नैनीताल । नगर पालिका परिषद नैनीताल ने शहर की सफ ाई व्यवस्था को लेकर सखती शुरू कर दी है। पर्यटन सीजन को देखते हुए पालिका ने आउटसोर्स के जरिए 80 सफ ाई कर्मियों की तैनाती की है। इसके अलावा 10 कर्मचारियों की एक विशेष टीम भी बनाई गई है जो आपात स्थिति में वार्डों में सफाई व्यवस्था संभालेगी।

बुधवार को पालिका प्रशासन ने मल्लीताल बाजार, मालरोड और सूखाताल समेत कई वार्डों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर गंदगी के ढेर और अव्यवस्था मिलने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई। कुछ वार्डों की गलियों और मुखय मार्गों पर कूड़े का अंबार मिला। नियमित सफाई नहीं होने के चलते संबंधित क्षेत्र के सफाई हवलदार से तत्काल स्पष्टीकरण तलब किया गया निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक अमित कुमार और क्षेत्रीय सफाई हवलदार मौजूद रहे।

# बिड़ला विद्या मंदिर में हुआ कॉर्बेट पंत पियर्स वार्षिक कॉनक्लेव नामक 9वें साहित्यिक व सांस्कृतिक सम्मेलन

नैनीताल
हमारे संवाददाता



नगर के प्रतिष्ठित बिरला विद्या मंदिर में कॉर्बेट पंत पियर्स वार्षिक कॉनक्लेव नामक 9वें साहित्यिक और सांस्कृतिक सम्मेलन बुधवार से शुरू हो गया है। सम्मेलन में देशभर के 150 विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। मुखय अतिथि सांस्कृतिक उद्यमी और साहित्यिक क्यूरेटर अमिताभ सिंह बघेल ने दीप प्रज्वलित कर दिवसीय कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

बघेल ने कहा कि वर्तमान समय में वैचारिक स्पष्टता और कलात्मक अभिव्यक्ति के मंच युवाओं को समाज की चुनौतियों को समझने और साहित्य के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन लाने की शक्ति प्रदान करते हैं। कॉनकलेव के क्यूरेटर प्रणब मुखर्जी ने सम्मेलन की थीम और उसकी समसामयिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन विद्यार्थियों की समृद्ध परंपरा का एक अनिवार्य स्तंभ है। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों को साहित्य, कला और संवाद के क्षेत्र में अपनी विलक्षण प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है बल्कि उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को निखारने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। आयोजन की विशिष्टता को लेकर कहा कि आगामी तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में कविता पाठ, सामान्य ज्ञान, नाटक मंचन, वाद विवाद और आर्ट इंस्टालेशन जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें देश के विभिन्न कोनों से आए प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर वित्त प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता, उप प्रधानाचार्य राकेश मोलासी, शेरवुड कालेज के हेम पांडे समेत दीपक पांडे, जतिन ग्रोवर, ब्रजेश पांडेय समेत विभिन्न प्रांतों के विद्यार्थी और प्रतिनिधी मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## तमन्ना से ब्रेकअप के बाद मिस्ट्री गर्ल के साथ दिखे विजय वर्मा



*बॉलीवुड एक्टर विजय वर्मा इन दिनों मटका किंग सीरीज में नजर आ रहे हैं। इस बीच उन्हें एक मिस्ट्री गर्ल के साथ देखा गया है, जिसके बाद से विजय एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में आ गए हैं।*

*विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया ने लगभग दो साल तक एक-दूसरे को डेट किया था। इसके बाद दोनों ने कथित तौर पर मार्च 2025 में अलग होने का फैसला किया। हालांकि, दोनों के अलग होने का कारण सामने नहीं आया। अब ब्रेकअप के काफी समय बाद विजय वर्मा को एक मिस्ट्री गर्ल के साथ स्पॉट किया गया है। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर फिर से चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हाल ही में विजय को मुंबई में आलिया कुरैशी के साथ एक रेस्टोरेंट के बाहर स्पॉट किया गया, जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। रेस्टोरेंट के बाहर दोनों को साथ में देखकर फैंस और सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह के कयास लगाने लगे हैं। वीडियो सामने आते ही यूजर्स सवाल पूछ रहे हैं कि क्या ये विजय वर्मा की गर्लफ्रेंड हैं। कई यूजर्स तो विजय को बधाई तक देने लगे। हालांकि, अभी तक विजय वर्मा या आलिया कुरैशी की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।*

### विजय वर्मा की 'मटका किंग'

*विजय वर्मा अभी अमेजन प्राइम वीडियो पर 'मटका किंग' सीरीज में नजर आ रहे हैं। उनके साथ सीरीज में कृतिका कामरा, साई तम्हांकर, गुलशन ग्रोवर, सिद्धार्थ जाधव और भूपेंद्र जादवत समेत कई जाने-माने कलाकार सीरीज में अहम भूमिका में हैं। यह 1960 के दशक की मुंबई पर बनी पीरियड क्राइम ड्रामा है।*

# हाईकोर्ट ने दी राज्य सरकार को 4 हफ्ते की मोहलत

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ जिले में हॉस्पिटलों का मेडिकल वेस्ट खुले में, नदी, नालों तथा गड्ढों व नगर पालिका के कूड़े के डिब्बों में डाले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

बता दें मामले को गंभीरता से लेते हुए मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार से चार सप्ताह के भीतर स्थिति से अवगत कराने को कहा है। अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। बुधवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि अस्पतालों से निकलने वाले वेस्ट को नगर पालिका के कूड़े के डिब्बो में डाला जा रहा है जो मानव के साथ साथ अन्य जानवरों और पर्यावरण के लिए भी नुकसान दे हैं। अस्पतालों के द्वारा बायोमेडिकल के नियमों का उलंघन किया जा रहा है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार से चार सप्ताह के भीतर स्थिति अवगत कराने को कहा है।

## हाईकोर्ट में यूसीसी बिल के मामले में सुनवाई अब जुलाई में

नैनीताल । उत्तराखंड में 27 जनवरी 2025 से सरकार द्वारा लागू किये यूसीसी बिल को चुनौती देती कई याचिकाओं पर बुधवार को एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने मामले की अगली सुनवाई हेतु जुलाई तीसरे हफ्ते रखा है। बता दें बुधवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ताओं की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया गया कि पूर्व में सरकार ने कहा था कि इसमें संशोधन कर रखे हैं। हुआ या नही उन्हें नहीं मालूम नहीं जिस पर कोर्ट ने सरकार से कहा है कि बिल में संसोधन हुआ है या नहीं । अगली तिथि तक कोर्ट को अवगत कराएं।

News कॉर्नर

## कूड़ा व प्लास्टिक से जंगल में आग का खतरा

**नैनीताल** । जंगल की ओर फेंके जा रहे कूड़े और प्लास्टिक ने अब आग लगने का बड़ा खतरा खड़ा कर दिया है। बढ़ती गर्मी के बीच यह लापरवाही न सिर्फ जंगलों को नुकसान पहुंचा रही है बल्कि वन्यजीवों के जीवन पर भी गंभीर संकट पैदा कर रही है। जिसको देखते हुए उच्च अधिकारियों ने वन क्षेत्राधिकारियों को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीओ ममता चंद ने बताया कि कई स्थानों में दुकानों रेस्टोरेंट के आसपास सड़क किनारे कचरा व प्लास्टिक जंगलों की ओर से फेंका दिखाई दिया है। वन क्षेत्राधिकारियों को कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं साथ ही लगातार निगरानी के भी निर्देश दिए गए हैं।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम सख्त

**नैनीताल** । जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि जिले में संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए प्रसव केंद्र बढ़ाने, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ तैनात करने और गर्भवती महिलाओं की पंजीकरण से लेकर प्रसव तक लगातार निगरानी रखने को कहा। उन्होंने प्रत्येक गर्भवती महिला का बर्थ प्लान तैयार करने और होम डिलीवरी का रिव्यू कर कमियां दूर करने के निर्देश दिए। जिले के लिंगानुपात पर चिंता जताते हुए डीएम ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउंड केंद्रों की सखत निगरानी और छापेमारी करने को कहा। बैठक में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चालानी कार्रवाई बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मुखय चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसी पंत ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस सात मई को होगा जिस पर डीएम ने सरकारी व निजी स्कूलों में अभियान की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा।

# पृथ्वी दिवस: नैनीताल में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल में बुधवार को पृथ्वी दिवस के मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राणी उद्यान नैनीताल में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन डीएफ ओ आकाश गंगवार के निर्देशन में किया गया, जिसमें बड़ी संखया में स्कूली छात्र.छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के तहत अवर प्लांट अवर प्लैनेट थीम पर आधारित गतिविधियों में छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर अपनी कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया वहीं कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए सीड बॉल (बीज गेंद) निर्माण गतिविधि कराई गई। इस दौरान छात्रों को बीज बॉल बनाने की प्रक्रिया सिखाई गई और उन्हें अपने.अपने विद्यालयों एवं आसपास के क्षेत्रों में इन्हें रोपित करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा छात्रों के



लिए स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रतिभागियों ने पत्थरों पर आकर्षक चित्र बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर उप निदेशक प्राणी उद्यान द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें वन्यजीव संरक्षण व पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल टम्टा ने बताया कि इस अवसर पर करीब 300 छात्र.छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्राणी उद्यान के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे और सभी ने मिलकर पृथ्वी को सुरक्षित और संरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जगदीश सिंह कोरंगा वन दरोगा नितिन मुकेशए वन आरक्षी, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट, विक्रम सिंह मेहरा फ ार्मासिस्ट, प्रियंका, मीना अधिकारी, भावना दोरियाल एवं प्राणी उद्यान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन अनुज कांडपाल ने किया। सेंट जोन्स विद्यालय में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इन आयोजनों में भाग लिया और प्रकृति के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती विनीता रावत द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई । उपप्रधानाचार्या श्रीमती पूनम बिष्ट द्वारा बच्चों को






पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया । कार्यक्रमों में पर्यावरण विषयक चित्रकला प्रतियोगिता और भाषण का भी आयोजन किया गया । नन्हें-नन्हें बच्चों ने सुन्दर सुन्दर कलाकृतियों से सबका मन मोह लिया। पर्यावरण को बचाने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर किए जाने वाले उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। संभाषण संस्कृत, हिन्दी व अंग्रेजी में दिए गए ।

# पृथ्वी को बचाने और सुन्दर बनाने का लिया संकल्प

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोरगलिया में पृथ्वी दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। शिक्षिका रेखा आर्य द्वारा बताया गया कि पृथ्वी दिवस को मनाये जाने का इतिहास और हम किस तरह से धरती को सुंदर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं ।

छात्राओं ने हमारी शक्ति हमारा ग्रह थीम पर भाषण कविता और पोस्टर के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये. कविता में में दुर्गा , भूमिका और खुशी बिष्ट ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया. भाषण प्रतियोगिता में कामिनी बिष्ट प्रथम , ज्योति बहुगुणा द्वितीय और निहारिका और वंशिका



तृतीय स्थान पर रहे. पोस्टर प्रतियोगिता में मानवी प्रथम इशिका द्वितीय और कीर्ति तृतीय स्थान पर राहु .प्रधानाचार्या श्रीमती तनुजा जोशी ने सभी बच्चों को अपनी पृथ्वी को बचाने का स्वयं व्यक्तिगत रूप से संरक्षण करने तथा प्लास्टिक को अपने व्यवहारिक जीवन मे उन्मूलन करने को और हर दिन को पृथ्वी दिवस मनाने हेतु कृत संकल्पित रहने का आह्वान किया । समस्त वक्ताओं ने पृथ्वी संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझने हेतु प्रेरित किया.इसी क्रम में अंग्रेजी शिक्षिका मंजूलता ने जनगणना 2026 की भी जानकारी दी. इस अवसर पर समस्त शिक्षिकायें उपस्थित रही।

# प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के चुनाव पर्यटन सीजन के बाद होंगे

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया है कि नैनीताल की मल्लीताल एवं तल्लीताल इकाइयों के चुनाव के संदर्भ में जिला कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश इकाई के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता और जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे से आवश्यक निर्देश मांगे थे जिसके संदर्भ में प्रदेश इकाई ने जिला नैनीताल इकाई को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पर्यटन सीजन में नैनीताल जैसे प्रमुख पर्यटन नगरी में व्यापारियों की अति व्यवस्था देते हुए दोनों इकाइयों के चुनाव पर्यटन सीजन के तुरंत बाद करने के लिए कहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि हमें अपने व्यापार को पहले देखना होता है व्यापारी हितों के लिए व्यापार मंडल का गठन किया जाता है जिसका कार्यकाल 3 वर्ष का होता है। प्रदेश में हमारे संगठन की 383 नगर इकाइयां कार्यरत हैं जिनमें नगर इकाई द्वारा अपना प्रतिनिधि स्वयं चुना जाता है। हमारा संगठन एकमात्र ऐसा व्यापारी संगठन है जो लोकतांत्रिक तरीके से नगर इकाइयों व प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव करवाता है। इसी पार्दर्शी प्रणाली के चलते हमारे संगठन की महत्ता अन्य संगठनों से अधिक है।

# हादसा: तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक गंभीर घायल, कार्रवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नैनीताल रोड स्थित मैक्स मॉल के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से आहत पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम उडुवा निवासी 22 वर्षीय मनोज चन्द्र 29 नवंबर 2025 की रात करीब 9:30 बजे अपने मित्र के साथ मोटरसाइकिल से काठगोदाम से हल्द्वानी की ओर आ रहा था। इसी दौरान रिलायंस ज्वैलर्स के सामने तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही एक कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनोज और उसका साथी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर हालत में मनोज को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चला। हादसे में उसकी बायीं आंख को भारी नुकसान पहुंचा, तीन दांत टूट गए और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। बाद में 1 दिसंबर 2025 को उसकी सर्जरी भी की गई।



पीड़ित का आरोप है कि दुर्घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया, हालांकि उसे पहचान लिया गया था। बाद में पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए बुलाया, जहां उसने इलाज का खर्च उठाने का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक कोई मदद नहीं की गई। मनोज के परिजनों ने 24 दिसंबर को कोतवाली में लिखित शिकायत दी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 20 मार्च को एस एस पी को भी प्रार्थना पत्र दिया गया, फिर भी मामला जस का तस बना रहा। पीड़ित के इलाज में लाखों रुपए खर्च हो गए लेकिन आप होगी उसका पुलिस ने भी साथ नहीं दिया न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डामर महंगा होने से डामरीकरण रुका

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन से पहले राहत की उममीद जगा रहा नैनीताल-काठगोदाम मार्ग के डामरीकरण कार्य अब एक बार फिर अटक गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार निर्माण सामग्री बिटुमेन (डामर) महंगा होने के चलते करीब 10 दिन पहले काम रोक दिया गया है जिससे सड? सुधार की रफतार पूरी तरह थम गई है। मामले में एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि निर्माण सामग्री बिटुमेन (डामर) के दाम बढने के कारण कार्य अस्थायी रूप से रोका गया है।

# श्रीमद् भागवत कथा का चतुर्थ दिवस श्री कृष्ण जन्मोत्सव के साथ सम्पन्न

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

वृंदावन कॉलोनी, जयदेवपुर (नियर यूनिवर्सल स्कूल के निकट) में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कथा व्यास पूज्य पंडित ललित पांडे जी (संस्थापक, श्री भगवत सेवा धाम आश्रम) के श्रीमुख से भगवान



श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की दिव्य कथा का रसपान कराया गया। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की महिमा, उनके अवतार के उद्देश्य और धर्म स्थापना के संदेश को विस्तार से बताया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कार्यक्रम के दौरान श्रीकृष्ण जन्म की सुंदर झांकियों का मंचन किया गया, जिसमें भगवान के प्राकट्य से लेकर विभिन्न लीलाओं के मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किए गए।

भक्तों ने भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ पूरे आयोजन को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी दिनों में भी अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की।

# अवैध शराब तस्करी तीन अभियुक्त गिरफ्तार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम के तहत चलाए जा रहे अभियान में दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में शराब भी बरामद की है।

पहला मामला थाना मुखानी पुलिस ने गश्त के दौरान गैस गोदाम रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तेज गति से आ रही स्कूटी संख्या यूके 04ए कियू-5760 को रोका।

स्कूटी सवार दो युवकों—दीपक



भट्ट निवासी हल्द्वानी। एवं भुवन चन्द्र आर्या निवासी अल्मोड़ा—की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से चार पेटी बियर बरामद हुई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

उधर देर रात चौकी राजपुरा पुलिस द्वारा धोबीघाट क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक अन्य कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को मोहनी महेश्वरी की दुकान के पास संदिग्ध अवस्था में पकड़ा।

**कारवाई**
- भारी मात्रा में शराब बरामद, अवैध शराब तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पकड़े गए युवक गोपाल शर्मा उर्फ सुमित निवासी राजपुरा के पास से 55 पाउच मसालेदार शराब बरामद हुई। इतना ही नहीं तलाशी में तस्कर के पास से 5810 रुपए की नगदी मिली जिसे उसने अवैध शराब बिक्री से अर्जित बताया पुलिस ने तीनों शराब तस्करों को कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है, पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अरविन्द सिंह से बदलकर अरविन्द सिंह महरा (ARVIND SINGH MAHARA) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे अरविन्द सिंह महरा नाम से जाना, पहचाना जाये। - **अरविन्द सिंह महरा पुत्र बलवन्त सिंह, तल्ला गोरखपुर, बद्रीपुरा, हल्द्वानी, नैनीताल ( उत्तराखण्ड )**

ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।
www.uttaranchaldeep.com